हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 1 जनवरी 2026

04 वार्ड 15 में कराई साफ, सफाई क्षतिग्रस्त...



09 चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को लेकर आईजा ने ...





## खबर संक्षेप

### दीवार तोड़ी, दुर्घटनाओं से अब मिला छुटकारा

**गुलाबगंज।** गुलाबगंज अंडरब्रिज की दीवार तोड़ने रेल विभाग को ज्ञापन दिया गया था। पिछले 30 दिन में यहां 5 दुर्घटनाएं हुई , क्योंकि 90 डिग्री मोड़ पर वाहन दीवार से टकरा रहे थे। रेल विभाग ने शीघ्र कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर दीवार तोड़वा दी। इससे दुर्घटनाओं में भारी कमी आई है। धार्मिक नगरी गुलाबगंज के लोगों ने रेल विभाग की तत्परता और बेहतर कार्रवाई के लिए आभार जताया है।

### गरीब परिवारों ने की पट्टे की मांग, सौंपा आवेदन

**विदिशा।** वार्ड क्रमांक 39 के टीलाखेड़ी क्षेत्र में किराए के मकानों में रह रहे गरीब मजदूर परिवारों ने आवासीय पट्टे की मांग को लेकर कलेक्टर को आवेदन सौंपा। परिवारों ने बताया कि वे वर्षों से किराए के कमरों में रहकर जीवनयापन कर रहे हैं, लेकिन आर्थिक कमजोरी के कारण मकान या प्लॉट खरीदना उनके लिए संभव नहीं है। उन्होंने टीलाखेड़ी की शासकीय भूमि पर आवासीय पट्टा स्वीकृत करने की मांग की, ताकि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेकर स्थायी आवास का निर्माण कर सकें। परिवारों ने प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

### हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**कागपुर।** हिंदू सम्मेलन को लेकर हिनोतिया मंडल की बैठक कागपुर में हुई। जिसमे मंडल के विभिन्न गांवों से उपस्थित प्रमुख व्यक्तियों द्वारा तय किया गया कि 11 जनवरी को ग्राम कागपुर में समस्त हिन्दू समाज के सहयोग से हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसका भूमिपूजन 3 जनवरी को दोपहर 2 बजे होगा।

### कथा में पहुंचे शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा

**नटेरन।** जनपद पंचायत नटेरन अंतर्गत ग्राम नगतरा स्थित श्री जिंदबाबा 51 गादी दरबार टोरिया पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने पहुंचकर शामिल हुए। कथा के दौरान विधायक श्री मीणा ने कलियुग की शुरुआत और उसके दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होने कथा आयोजन हेतु 5100 रुपए प्रतिवर्ष सहयोग देने और कीर्तन मंडली के लिए 25 हजार की घोषणा की। टोरिया पर कराए गए विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। इस दौरान जप अध्यक्ष प्रतिनिधि यशपाल रघुवंशी, ग्राम सरपंच प्रदीप श्रीवास्तव, रामसेवक चौधरी सहित अनेक वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों पर आवेदन आमंत्रित

**विदिशा।** जिले की विभिन्न बाल विकास परियोजनाओं अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए पात्र महिलाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन प्रक्रिया 31 दिसंबर से प्रारंभ हो चुकी है, जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 10 जनवरी निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटि सुधार के लिए 12 जनवरी तक का समय दिया गया है। विदिशा जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के कुल 56 तथा सहायिकाओं के 119 पद रिक्त हैं।

### सतपाड़ा सराय से लाए मानसिक कमजोर को

**विदिशा।** अपना घर आश्रम द्वारा वर्ष 2025 का अंतिम रेस्क्यू 31 दिसंबर को सतपाड़ा सराय से किया गया। यह रेस्क्यू आश्रम के अध्यक्ष डॉक्टर जीके माहेश्वरी, जीएस चौहान, घनश्याम डागा एवं दीपक माहेश्वरी के निर्देशन में हुआ। वर्ष 2025 में आश्रम द्वारा कुल 79 रेस्क्यू किए गए। वर्तमान में आश्रम में 135 लोग निवासरत हैं, जबकि 77 का सफल पुनर्वास किया जा चुका है। डॉक्टर मुस्तफा हुसैन से प्राप्त संदेश पर प्रवक्ता सोहेल अहमद बबलू एवं सेवा साथियों ने यह रेस्क्यू किया।

## हैप्पी न्यू ईयर 2026




विदिशा। स्टेडियम में प्रतिदिन पहुंचकर मेहनत करने वाले खिलाड़ियों ने नए साल 2026 का स्वागत किया। सभी ने बीते हुए साल के अनुभव आपस में साझा किए और नए साल के लिए नए संकल्प लिए।

### पिकनिक स्पॉट पर नए साल के जश्न में लाउडस्पीकर और जुलूसों पर रखी जाएगी नजर

# न्यू ईयर को लेकर पुलिस मुस्तैद, चप्पे-चप्पे पर रखी जा रही नजर, ड्रोन और सीसीटीवी से होगी निगरानी

*»न्यू ईयर को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में मनाने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद हो गई है। जिलेभर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और आम नागरिकों के लिए एडवाइजरी भी जारी की गई है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

न्यू ईयर को लेकर एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर शहर सहित सिरोंज, गंजबासौदा, कुरवाई और लटेरी में विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। न्यू ईयर से पहले पुलिस ने शहर में पैदल फ्लैग मार्च निकाला। एसपी रोहित काशवानी स्वयं सड़क पर उतरे और फ्लैग मार्च का नेतृत्व किया।

यह मार्च थाना कोतवाली से शुरू होकर शहर के प्रमुख बाजारों, चौक-चौराहों और संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरा। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करना और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी रोक लगाना रहा। इस दौरान पुलिस बल लगातार पेट्रोलिंग करता नजर आया। फ्लैग मार्च में नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह, थाना प्रभारी कोतवाली आनंद राज, थाना प्रभारी सिविल लाइन आरके मिश्रा, थाना प्रभारी यातायात आशीष राय सहित 100 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल रहे। संदिग्ध स्थानों पर निगरानी की जा रही है।



विदिशा। शहर के मुख्य मार्ग से पुलिस द्वारा निकाला गया फ्लैग मार्च।

#### जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में भी फ्लैग मार्च

न्यू ईयर को देखते हुए जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में भी अनुविभागीय अधिकारियों के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाले गए। पुलिस की सशक्त मौजूदगी के जरिए नागरिकों को यह भरोसा दिलाने की कोशिश की गई कि किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है।

#### डीजे, लाउडस्पीकर और जुलूसों पर सख्त नजर

एसपी बताया कि नववर्ष के दौरान डीजे और लाउडस्पीकर के उपयोग पर सख्त नियंत्रण रहेगा। जुलूसों और सार्वजनिक कार्यक्रमों की निगरानी की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

#### ड्रोन और सीसीटीवी से होगी निगरानी

एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि संवेदनशील इलाकों में ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के जरिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों पर पुलिस टीम द्वारा विशेष फोकस किया गया है।

#### अफवाहों से बचें, संदिग्ध गतिविधि की सूचना दें

पुलिस प्रशासन ने शहर नागरिकों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। एसपी रोहित काशवानी ने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अफवाह की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। माहौल खराब करने वाली अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अब एक जनवरी से होगी शिक्षकों के अवकाश की गिनती

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

शिक्षा विभाग में शिक्षकों के अवकाश के लिए अब शिक्षा सत्र को वर्ष मानने की जगह 1 जनवरी से 31 दिसंबर तक माना जाएगा। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने आदेश भी जारी कर दिया है।

शिक्षकों के लिए खुशखबरी इसलिए मानी जा रही है कि अभी तक अर्जित अवकाश की पात्रता नहीं थी। लेकिन अब वर्षभर में 10 अर्जित अवकाश मिलना चालू हो जाएंगे। अभी तक सिर्फ प्राचार्य और अधिकारी स्तर पर ही अर्जित अवकाश की पात्रता थी। या फिर ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान ड्यूटी करने वालों को भी अर्जित अवकाश मिल पाता था। लेकिन आकस्मिक अवकाश की संख्या जरूरत 13 से घटाकर 8 करने की चर्चा है।

अर्जित अवकाश प्रारंभ होने से शिक्षकों को अन्य कर्मचारियों की तरह पूरी सेवा अवधि के बाद सेवानिवृत्ति के समय 300 अर्जित अवकाश तक का नगदीकरण हो सकेगा। शिक्षकों को तीन एच्छिक अवकाश की पात्रता भी रहती है।

शिक्षा विभाग ने नया एप्प प्रारंभ किया है। जिसका नाम 'हमारे शिक्षक' है। साथ ही हमारे शिक्षक एप के माध्यम से प्रतिदिन ई-अटेंडेंस दर्ज करने की सुविधा भी रहेगी। एज्युकेशन पोर्टल 3.0 पर शिक्षकों के अवकाश की प्रविष्टि के लिए सक्षम अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाकर 3 जनवरी तक उक्त कार्य पूर्ण किए जाने की समय-सीमा निर्धारित की गई है। अवकाश आवेदन की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने ऑफलाइन आवेदन स्वीकार्य नहीं किए जाएंगे। सभी प्रकार के अवकाश सीएल, ओएल, ईएल, एचपीएल, सीसीएल हमारे शिक्षक एप के माध्यम से ही सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृत किए जाएंगे।

# काली पट्टी बांधकर जताया विरोध, डॉक्टर बोले: मानसिक दबाव में काम करना मुश्किल

### महिला की मौत के बाद परिजनों ने किया था हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶लटेरी

लटेरी शासकीय अस्पताल में एक महिला की डिलेवरी के दौरान मौत के बाद विवाद बढ़ गया है। बुधवार दोपहर अस्पताल के डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर अस्पताल स्टाफ की सुरक्षा की मांग की है। डॉक्टरों का आरोप है कि मंगलवार को प्रसव के दौरान महिला की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। इस दौरान उन्होंने एक डॉक्टर के साथ मारपीट और अभद्रता भी की। डॉक्टरों का कहना है कि वे पूरी निष्ठा से अपना कर्तव्य निभा रहे थे, इसके बावजूद उन पर हमला किया गया।

#### डॉक्टरों ने दी चेतावनी

प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों ने बताया कि इस घटना के बाद से अस्पताल का स्टाफ मानसिक दबाव में है और ऐसे माहौल में काम करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की गई और अस्पताल स्टाफ को सुरक्षा का भरोसा नहीं मिला, तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। गौरतलब है कि मंगलवार को लटेरी शासकीय अस्पताल में प्रसव के दौरान एक महिला की मौत हो गई थी, जिसके बाद परिजनों ने हंगामा किया था।

### क्रेशरों की सामूहिक जांच, कई बंद मिलीं

**विदिशा।** जिले में संचालित स्टोन क्रेशरों की एक साथ जांच की गई। सिरोंज में शिवहरे क्रेशर सारंगपुर, गर्ग स्टोन क्रेशर, भार्गव क्रेशर तथा सुरभि गुप्ता स्टोन क्रेशर की जांच के दौरान स्थानीय लोगों ने कुछ क्रेशरों के दो वर्षों से बंद होने की जानकारी दी। कुरवाई क्षेत्र में एसडीएम कुरवाई द्वारा पीएस माइंस क्रेशर की जांच की गई। विदिशा तहसील में ग्राम निमखिरिया, ग्राम रुसल्ली चौबीसा स्थित अंकित शर्मा स्टोन क्रेशर तथा ग्राम दहलवाड़ा के राहुल स्टोन क्रेशर की जांच की गई। नटेरन क्षेत्र में धमोनीपुरा का शिव कृपा स्टोन क्रेशर, करैया का रघुवंशी स्टोन क्रेशर एवं विसलोनी स्थित कल्पना जैन का क्रेशर एक वर्ष से बंद था।

### शमशाबाद विधायक मीणा आज अनेक कार्यक्रमों में पहुंचेंगे

**विदिशा।** शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा आज बुधवार 1 जनवरी को नटेरन और ग्राम पंचायत आमखेड़ा सूखा का दौरा करेंगे। सुबह 11 बजे नटेरन जपं में दिव्यांगों को साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद सुबह 11:30 बजे ग्लोबल कॉन्वेंट स्कूल के समारोह में उपस्थित रहेंगे। सरपंच अविनाष पंडित के अनुसार विधायक मीणा दोपहर 1:30 बजे ग्राम आमखेड़ा सूखा में सामुदायिक भवन एवं स्कूल बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे।



# 2015 से लंबित कार्य, सीसी जारी न होने से अटके प्रोजेक्ट और गुणवत्ता सुधार पर दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

बुधवार को जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने जनपद पंचायत लटेरी एवं जनपद पंचायत कुरवाई के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में दोनों जनपदों के सहायक यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि कई निर्माण कार्य वर्ष 2015 से प्रारंभ होने के बावजूद अब तक पूर्ण नहीं हो पाए हैं। इसके अतिरिक्त 250 से अधिक ऐसे कार्य चिन्हित किए गए जो भौतिक रूप से पूर्ण हो चुके हैं, लेकिन सीसी (पूर्णता प्रमाण पत्र) जारी नहीं होने के कारण पोर्टल पर आज भी अपूर्ण दर्शाए जा रहे हैं। बैठक में यह भी बताया गया कि कई कार्यों में धारा 89 के अंतर्गत वसूली प्रकरण लंबित हैं, जिसके चलते शेष राशि पंचायतों को वापस नहीं मिल पा रही है। पंचायतों के पास अनुपयोगी धनराशि लंबे समय से पड़ी हुई है। सहायक यंत्रियों ने अवगत कराया कि पंचायत एवं सामुदायिक भवनों के लिए स्वीकृत राशि का आहरण मूल्यांकन के बाद किया जाना चाहिए, किंतु इस संबंध में तकनीकी अमले को जानकारी न होने के कारण कई स्थानों पर सचिवों व सरपंचों द्वारा एडवांस राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। जनपद पंचायत कुरवाई की उपयंत्री बैठक में नहीं पहुंचीं उन्हे कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जनपदों से आए हितग्राहियों की समस्याएं सुनी। साथ ही सामाजिक न्याय विभाग के अंतर्गत दो दिव्यांग हितग्राहियों को ट्राई साइकिल प्रदान की गई।



### जिला स्तरीय सामूहिक सम्मेलन 23 को होगा

**विदिशा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत जिला स्तरीय सामूहिक विवाह, निकाह सम्मेलन का आयोजन 23 जनवरी को जनपद पंचायत बासौदा में किया जाएगा। आयोजन की जिम्मेदारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बासौदा को सौंपी गई है। योजना अंतर्गत विवाह, निकाह के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 16 जनवरी निर्धारित की गई है। आवेदनों की जांच संबंधित निकायों द्वारा 18 जनवरी तक पूर्ण की जाएगी। पात्र आवेदनों में वर-वधु की समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवाईसी अनिवार्य होगी। स्वीकृत आवेदन 20 जनवरी तक ऑनलाइन दर्ज किए जाएंगे। चयनित जोड़ों को 21 जनवरी तक सम्मेलन में पहुंचने की सूचना दी जाएगी।

### 115 सीनियर सिटीजन को वितरित किए पुलिस पंचायत आइडेंटिटी कार्ड

# 123 प्रकरणों की सुनवाई, 84 में बुजुर्गों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

31 दिसंबर को वर्ष के अंतिम दिन भी सीनियर सिटीजन के हितों की रक्षा हेतु गठित पुलिस पंचायत की साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सीनियर सिटीजन से संबंधित पारिवारिक एवं सामाजिक विवादों की सुनवाई की गई। वर्ष 2025 के दौरान पुलिस पंचायत के माध्यम से कुल 123 प्रकरणों की सुनवाई की गई, जिनमें से 84 प्रकरणों में बुजुर्गों को राहत प्रदान की गई। साथ ही 115 सीनियर सिटीजन को पुलिस पंचायत आइडेंटिटी कार्ड वितरित किए गए।

**वर्ष के अंतिम दिन भी सक्रिय रही पुलिस पंचायत**



जिससे उनको त्वरित सहायता सुनिश्चित की जा सके। 72 वर्षीय सीनियर सिटीजन द्वारा शिकायत की गई कि पत्नी व बच्चे के इलाज के दौरान चांदी के जेवर गिरवी रखे गए थे, किंतु 14 हजार के एवज में आधा किलो से अधिक चांदी आज तक वापस नहीं की जा रही है। पंचायत द्वारा अनावेदक पक्ष को साक्ष्य सहित उपस्थित होने निर्देश दिए।

#### बेटों ने बंद कर दिया रास्ता, राशन कार्ड भी रख लिया

सीनियर सिटीजन ने शिकायत की कि उन्होंने अपने दोनों पुत्रों को 300-300 फीट के मकान दिए तथा बीच में स्वयं के लिए 300 फीट का मकान रखा, किंतु पुत्रों द्वारा सीढ़ी का रास्ता बंद कर दिया गया, राशन कार्ड अपने पास रख लिया गया एवं संपत्ति कर भी जमा नहीं किया जा रहा है। पंचायत द्वारा समझाइश दी गई कि पिता असंतुष्ट होने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई कर सकते हैं। परामर्श के पश्चात पुत्रों द्वारा पिता को परेशान न करने, संपत्ति कर जमा करने एवं सीढ़ी से रास्ता खाली करने पर सहमति व्यक्त की गई।

#### बेटे को बुजुर्ग माता को खर्च देने के निर्देश दिए

किलेअंदर निवासी सीनियर सिटीजन महिला द्वारा शिकायत की गई कि मेहनत मजदूरी के बावजूद आवश्यक खर्च हेतु राशि उपलब्ध नहीं कराई जाती। पंचायत की सुनवाई में तय हुआ कि बेटे द्वारा बुजुर्ग माता-पिता को पर्याप्त खर्च राशि एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। प्रकरण को आगामी तिथि पर पुन: सुनवाई हेतु नियत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य नए आवेदन प्राप्त किए गए तथा कुछ प्रकरणों में पूर्व में दिए गए निर्देशों के पालन की फॉलो-अप समीक्षा भी की गई। पुलिस पंचायत से बुजुर्ग दंपतियों को न्याय मिलना आसान हुआ है।

# विदिशा बना सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन का साक्षी, आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने कराया भव्य रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के तत्वावधान में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन एवं रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शास्त्रीय श्लोकों के मंगलाचरण के साथ हुआ।



आर्ट ऑफ लिविंग बेंगलुरु से पधारे वरिष्ठ पुरोहित दशरथ खाते एवं उनके सहयोगियों ने विधिवत रुद्राभिषेक संपन्न कराया। इस अवसर पर दशरथ खाते ने सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की महिमा बताते हुए कहा कि इसकी स्थापना सतयुग में चंद्र देव ने की थी। यह सबसे प्राचीन ज्योतिर्लिंग है तथा चारों युगों में पूजित होने वाला एकमात्र ज्योतिर्लिंग माना जाता है। उन्होंने इसके दैवीय चुम्बकीय गुणों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया, जिसे देखकर उपस्थित श्रद्धालु आश्चर्यचकित रह गए। कार्यक्रम के दौरान आरती एवं संकीर्तन से पंडाल हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। सैकड़ों श्रद्धालु इस अलौकिक क्षण के साक्षी बने। आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षक नितिन शर्मा एवं दीपेश यादव, नीरज चौरसिया ने आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### हवेली ढाबा के कर्मचारी ने लगाई फांसी

**गंजबासौदा।** नया बस स्टैंड स्थित हवेली नामक ढाबे पर काम करने वाले एक बुजुर्ग का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवीन बस स्टैंड परिसर स्थित हवेली नामक ढाबे पर काम करने वाले 65 वर्षीय संतोष दांगी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार सुबह सामने आई। ढाबे के अन्य कर्मचारियों ने सुबह संतोष दांगी को ढाबे के एक कमरे में टीन शेड पर लगे लोहे के एंगल कपड़े का फंदा बनाकर लटका हुआ पाया। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना शहर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही शहर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बुजुर्ग के शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय भेजा गया।

### पोर्टल बंद होने से नहीं हो रही भावांतर खरीदी

**गंजबासौदा।** कृषि उपज मंडी समिति ने घोषणा की है कि भावांतर योजना का पोर्टल रखरखाव कार्य के कारण अस्थायी रूप से बंद रहेगा। यह बंदी 30 दिसंबर 2025 से 1 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान भावांतर योजना के तहत सोयाबीन की खरीदी नहीं की जाएगी। मंडी समिति के अनुसार, इस अवधि में भावांतर योजना के तहत सोयाबीन विक्रय के लिए प्रवेश पर्ची नहीं बनेगी और न ही नीलामी की जाएगी। हालांकि, मंडी में अन्य कृषि जिंसों और गैर-भावांतर सोयाबीन की नीलामी प्रक्रिया सामान्य रूप से जारी रहेगी। समिति ने किसानों से अपील की है कि वे उक्त तीन दिनों की अवधि में भावांतर योजना के अंतर्गत अपनी सोयाबीन उपज लेकर मंडी न आएं। यह भी बताया गया है कि भावांतर योजना की निर्धारित अवधि 24 अक्टूबर से 15 जनवरी 2026 तक है। मंडी प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन किसानों को भावांतर योजना के तहत अपनी सोयाबीन बेचनी है, उन्हें इस अवधि में इंतजार करना होगा। वहीं, जो किसान भावांतर योजना से अलग अपनी सोयाबीन या अन्य फसलें बेचना चाहते हैं, उनकी उपज की खरीदी और नीलामी पहले की तरह जारी रहेगी।

### बालिका क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



**गंजबासौदा।** बुधवार को प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के तत्वावधान में शासकीय एसजीएस पीजी कॉलेज ग्राउंड में बालिका क्रिकेट मैच से टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। जिसमें अतिथि के रुप में समाज सेविका रंजीता सिंह राजपूत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बालिकाओं को विभिन्न जानकारियों से अवगत कराया। अन्य अतिथि के रुप में महिला शक्ति भी मौजूद रहीं। आभार कवि नीलेश चतुर्वेदी ने व्यक्त किया।


# गृह मंत्रालय से आए अधिकारियों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई के वार्षिक शिविर के छठवें दिन कार्यक्रम के बौद्धिक सत्र में ग्राम आजादनगर में निरीक्षण हेतु पधारे भारत सरकार के विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों के अधिकारीगण मौजूद रहे। अतिथियों का स्वयंसेवकों को करियर को लेकर और व्यक्तित्व विकास को लेकर विभिन्न विषयों पर साक्षात्कार हुआ। बौद्धिक सत्र के दौरान स्वयंसेवकों ने अधिकारियों से कई प्रश्न किए। कार्यक्रम का संचालन सहायक कार्यक्रम अधिकारी विनय सोनी द्वारा किया गया। श्री शर्मा और कनक दुबे ने युवाओं की शक्ति को लेकर एक जोशीली कविता प्रस्तुत की। वहीं सुरक्षा विश्वकर्मा ने बाल मजदूरी को लेकर हकीकत को बयां करने वाली कविता की प्रस्तुति दी। प्राचार्य द्वारा विद्यालय के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकल्पों और समाज सेवा के विभिन्न कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिश्रा और मेघा शर्मा ने अतिथियों का आभार पत्र सौंपकर आभार व्यक्त किया। शिविर के दौरान सुबह के परियोजना कार्य में स्वयंसेवकों ने ग्राम आजाद नगर में जाकर मटका विधि द्वारा आंवले के पौधों का रोपण किया। संध्याकालीन कार्यक्रम में शिविर समितियों ने ग्राम संपर्क किया और विभिन्न हितग्राहियों और निर्धन ग्रामीण जनों की जानकारी एकत्रित की। शिविर में संध्याकालीन खेलों के साथ दिवस का समापन हुआ।

## बड़ी माता मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़ रहा जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्राम बरेठ स्थित बड़ी माता मंदिर परिसर में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा में भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मणि के विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा व्यास पंडित श्याम सुंदर महाराज ने श्रद्धालुओं को रुक्मणि विवाह प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान पंडित श्याम सुंदर महाराज ने बताया कि रुक्मणि विदर्भ के राजा भीष्मक की बेटी थीं और उन्हें देवी लक्ष्मी का अवतार माना जाता है। उन्होंने मन ही मन भगवान श्रीकृष्ण को अपना पति स्वीकार कर लिया था और जीवन भर उन्हीं को समर्पित रहने का संकल्प लिया था। कथा में बताया कि रुक्मणी ने एक ब्राह्मण के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण को संदेश भेजा था। संदेश में उन्होंने अपने प्रेम और किसी अन्य से विवाह न करने की इच्छा प्रकट की थी। यह संदेश मिलने पर भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी को विदर्भ से द्वारिका ले गए और विधि-विधान से विवाह किया। रुक्मणी विवाह प्रसंग के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मणी की सजीव झांकी सजाई गई। दो छोटी बालिकाओं ने श्रीकृष्ण और रुक्मणी का रूप धारण किया। झांकी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया। विवाह प्रसंग के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मणी की पूजा-अर्चना की। इस दौरान बधाई गीत गाए गए और पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कथा के अंत में श्रद्धालुओं ने आरती कर भगवान से सुख समृद्धि की कामना की।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने वार्ड 19 में किया निरीक्षण

# वार्ड 15 में कराई साफ, सफाई क्षतिग्रस्त नाले को कराया दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गंजबासौदा। वार्ड क्रमांक 15 में जाम नाली को खुलवाया गया



गंजबासौदा। वार्ड क्रमांक 19 में नाले का निरीक्षण करते नपा सांसद प्रतिनिधि

नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यावद के नेतृत्व में नपा द्वारा मिनी स्मार्ट सिटी अंतर्गत नगर में अनेक विकास कार्य किए जा रहे हैं। जिससे नगर को साफ, सुथरा और स्वच्छ बनाया जा सके। मुख्य मार्ग की सड़कों का चौड़ीकरण कर, सड़क के बीच डिवाइडरों का निर्माण कराकर प्रकाश की उचित व्यवस्था के लिए विद्युत खंभे लगाए जा रहे हैं। बुधवार को नगर के वार्ड नंबर 15 शराब की दुकान के सामने बीच रोड पर एक नाली जाम हो जाने के कारण लगभग 20 दिनों से सड़क पर पानी फैल रहा था। जिसके कारण डामर डैमेज हो रहा था। नगरपालिका कर्मियों द्वारा बार-बार प्रयत्न करने के बाद भी साफ नहीं हो पा रहा था। एसडीएम संतोष बिटोलिया के नेतृत्व में नगर पालिका सीएमओ, इंजीनियर निर्देशन में इस नाले की सफाई कराई गई। इस दौरान 3 घंटे तक अधिकारियों की मौजूदगी में नपा सफाई कर्मचारियों ने जेसीबी मशीन की सहायता से जाम पड़ी नाली को खुलवाया। उधर वार्ड नंबर 23 में बहुप्रतिक्षित मुख्य रोड का नाला क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसे दोबारा से नए सिरे से नया बनाकर तैयार किया जा रहा है। वहीं नगर के वार्ड नंबर 19 में नगरपालिका सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने नाले का निरीक्षण किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद सहित नगरपालिका अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

### एक समय होगा जलप्रदाय

गंजबासौदा। वाटर बॉक्स फिल्टर प्लांट पर सफाई कार्य पूरा न होने के कारण दिनांक 1 एवं 2 जनवरी को पानी की सप्लाई एक समय सुबह होगी। उसके बाद नियमित रूप से दोनों समय पानी सप्लाई की जावेगी।

## स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के अंतर्गत उन्नति फाउंडेशन बेंगलुरु के द्वारा विगत एक माह से संचालित पब्लिक स्पीकिंग एवं इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स का बुधवार को भव्य समापन हुआ। इस कार्यक्रम ने महाविद्यालय के छात्र, छात्राओं में आत्मविश्वास का संचार किया तथा उन्हें जीवन की वास्तविक चुनौतियों का सामना करने के लिए उपयोगी कौशल प्रदान किए। समापन समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का यह कोर्स न केवल छात्रों की भाषाई क्षमता को निखारने का माध्यम बनाए बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है। पब्लिक स्पीकिंग और इंग्लिश स्पीकिंग जैसी स्किल्स आधुनिक युग में कैरियर की सीढ़ी चढ़ने के लिए अनिवार्य है।

## पत्रकार प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को प्रेस क्लब गंजबासौदा द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एसडीओपी शिखा भलावी एवं तहसीलदार अरविंद यादव को ज्ञापन सौंपे गए। जिसमें कहा गया है कि हाल ही में जिला एवं प्रदेश में पत्रकारों पर हमले की घटनाएं हुई हैं। पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, किंतु मध्यप्रदेश में सच्ची और निर्भीक पत्रकारिता करना लगातार असुरक्षित होता जा रहा है। एक ओर पत्रकारों पर असामाजिक तत्वों द्वारा जानलेवा हमले हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पुलिस द्वारा ही पत्रकारों को प्रताड़ित किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है।

प्रदेश में लंबे समय से पत्रकार प्रोटेक्शन कानून लंबित है। जिसकी अनुपस्थिति के कारण पत्रकार लगातार असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और ऐसी घटनाओं को बढ़ावा मिल रहा है। मध्य प्रदेश में वर्षों से लंबित पत्रकार प्रोटेक्शन कानून को तत्काल लागू किया जाए, ताकि पत्रकार निर्भीक होकर जनहित की पत्रकारिता कर सकें। पत्रकारों में हमलों की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। प्रदेश में विभिन्न घटनाओं में निर्दोष पत्रकारों पर दर्ज किए प्रकरण तत्काल वापस लिए जाएं। प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश एवं प्रभावी सुरक्षा तंत्र लागू किया जाए। भविष्य में किसी भी पत्रकार के साथ इस प्रकार की घटना न हो, इसके लिए पुलिस एवं प्रशासन को संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि समय रहते इन गंभीर मामलों में ठोस एवं निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई, तो यह न केवल पत्रकारिता की स्वतंत्रता बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए भी घातक सिद्ध होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर के पत्रकार मौजूद रहे।

## स्वयंसेवक बनना हमारा सौभाग्यः नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



आप सेना में जाएं या न जाएं, आप जीवन में यौद्धा की तरह जिएं। जीतने के लिए हमेशा प्रयास करते रहना है। जीवन में शार्टकट न चुनें बल्कि बालक हो या बालिकाएं धैर्य के साथ प्रयास करते रहें, मेहनत के साथ जीवन जीएं, सफलता अवश्य मिलेगी, क्योंकि मन के हारे हार है, मन के जीते जीत है। स्वच्छता में प्रत्येक बच्चे और नागरिक सहयोग करेंगे तो नगर स्वच्छ भी होगा। यह बात नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने ग्राम हरदूखेड़ी शासकीय स्कूल में सैण्ट एसआरएस स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के बौद्धिक सत्र के अवसर पर कही। शिविर में फीडबैक फाऊंडेशन के परियोजना प्रभारी भरतकांत द्विवेदी ने बताया कि फाऊंडेशन और नगर पालिका द्वारा घर-घर से कचरा संग्रहण कर कचरे का ट्रीटमेंट किया जा रहा है। उसे हम उपयोगी बनाते हैं। आज प्रदेश के शहरों में स्वच्छता में गंजबासौदा का 27 वां स्थान आया है। नपा के स्वच्छता अधिकारी राजेश नेमा ने कहा कि स्वच्छता स्वास्थ्य का प्रथम कदम है। स्वच्छता में ही ईश्वर का वास होता है। आज शहर का स्वरूप बदल रहा है, नपाध्यक्ष की स्वयं रुचि के कारण हम लगातार शहर को स्वच्छ और सुन्दर बना रहे हैं। आप असाधारण व्यक्ति के रूप आए हैं, इसलिए केवल सपने न देखें बल्कि हर स्वयंसेवक असाधारण कार्य करें, स्मार्ट बनें। तीन बाते स्मार्ट व्यक्ति में होना चाहिए, शरीर यवन जैसा स्वस्थ, ह्रदय बुद्ध जैसा करुणावान, मस्तिष्क शिव जैसा शांत होना चाहिए। संस्था डायरेक्टर के.एस. यादव ने अतिथि सम्मान कर स्वयंसेवकों को स्वस्थ रहने, स्वच्छता रखने का आह्वान किया। बौद्धिक सत्र का शुभारंभ संगीत शिक्षक शंभुगिरी गोस्वामी के निर्देशन में मां सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत एवं मेरे बांके बिहारी लाल भजन से हुआ। इसके बाद स्वयंसेविकाओं ने राजस्थानी घूमर नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी कृष्णपाल सिंह चौहान ने शिविर की रूपरेखा व्यक्त की। बौद्धिक सत्र में सरिता रघुवंशी, रेल कर्मचारी पूर्व स्वयं सेवक दिव्यांश भावसार, शिक्षिका डॉ. कमला चतुर्वेदी, शिखा दांगी, कुलदीप रघुवंशी, गोविंद कुशवाह, सत्यम बबेले, प्रशंसा पारासर, संगीत शिक्षक शंभु गिरि गोस्वामी, दिनकर कद्रे मौजूद रहे।

### बिजली गुल हो रही गुल

**गंजबासौदा।** इन दिनों नगर सहित ग्रामीण अंचलों में दिन में कई बार बिजली गुल हो रही है। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बगैर सूचना के कभी भी बिजली प्रदाय बंद कर दिया जाता है। जिससे नागरिकों को एवं किसानों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने अघोषित बिजली कटौती बंद करने की मांग की है।

### निशुल्क नेत्र शिविर में हुई 138 मरीजों की जांच

**गंजबासौदा।** मिल रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर पर स्व. नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्वर्गीय प्रेमा रंजनगांवकर की पुण्य स्मृति में सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। शिविर में डॉ. राजकरण वर्मा एवं डॉ. रवि अहिरवार ने 138 से अधिक मरीजों की नेत्र जांच की और नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताए। 45 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। 20 मरीजों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। कैंप प्रभारी वर्मा के निर्देशन में काउंसलिंग टीम के द्वारा 20 चश्मों का वितरण किया गया। ट्रस्ट ने 35 मरीजों को दवाइयां वितरित कीं, 37 मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले गए। मरीजों की बीपी और शुगर जांच भी की गई। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि ऐसे नेत्र शिविर ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में और सद्गुरु स्व रणछोड़दास महाराज की कृपा से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर लगाए जा रहे हैं। शिविर में गणेशराम रघुवंशी, डॉ. एके. जैन, डॉ. राजकरण वर्मा, जगदीश अग्रवाल, रामबाबू राजपूत, रामकुमार शर्मा, सुरेंद्र भारद्वाज, डॉ. रवि अहिरवार, डॉ. अशोक रोहले, संजीव शर्मा, रामकुमार शर्मा मौजूद थे।



## विभिन्न शासकीय स्कूलों में बाल पंचायत चुनाव संपन्न

# बाल मित्र ग्रामों में लोकतंत्र की मजबूत नींव




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बाल मित्र ग्रामों में बाल पंचायत चुनाव लोकतांत्रिक, पारदर्शी एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इन चुनावों के माध्यम से बच्चों को लोकतंत्र की प्रक्रिया से सीधे जोड़ा गया तथा उन्हें अपने अधिकारों, कर्तव्यों और सहभागिता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। बाल मित्र ग्राम करीमपुर, बंजरिया, डिंडोली, बरोदिया, दैलवाड़ा, जाफ़राबाद, रीछई, कोहना, नयागाँव, सतपाड़ा कलाँ, बारोद, आबूपुर कुचौली, बावली, कालापाठा, बघरू, मूडरी, लहदरा, भुआरा, औरंगपुर एवं खजूरी में बाल पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित किए गए। इन चुनावों में कुल 20 बाल सरपंच निर्वाचित हुए, जिनमें 11 बालक सरपंच एवं 9 बालिका सरपंच शामिल हैं। बाल पंचायत चुनावों में 2165 बच्चों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने प्रतिनिधियों का चयन किया, जो बच्चों की सक्रिय भागीदारी और लोकतांत्रिक चेतना को दर्शाता है।

संगठन के वरिष्ठ प्रबंधक प्रवेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी माह में सभी निर्वाचित बाल पंचायत सदस्यों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। साथ ही ग्राम पंचायत से बाल पंचायत को औपचारिक मान्यता दिलाने की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। उन्होंने बताया कि निर्वाचित बाल पंचायतें ग्राम स्तर पर बाल अधिकारों की रक्षा, बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा से जुड़ी समस्याओं तथा अन्य बाल-संबंधित मुद्दों को ग्राम पंचायत के समक्ष रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इसके साथ ही ग्राम सभाओं में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि ग्राम विकास एवं निर्माण से जुड़े निर्णयों में बच्चों के सुझाव, विचार और मांगों को शामिल किया जा सके। बाल पंचायत के सरपंच एवं सदस्य ग्राम स्तर पर बच्चों का प्रतिनिधित्व करते हुए बाल अधिकारों को सुनिश्चित करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## पुरानी पेंशन बहाली का शंखनाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जिला आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शंखनाद किया। बैठक में 2 जनवरी को भोपाल पहुंचने का आह्वान किया। शिक्षकों को अपने साथी शिक्षकों को भोपाल ले जाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई। जिला अध्यक्ष सुनील रघुवंशी के नेतृत्व में बैठक का आयोजन निजी गार्डन में किया गया। जिसमें आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष भरत पटेल के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली, कैशलेस स्वास्थ्य बीमा, प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा की गणना, अनुकंपा नियुक्ति, ई अटेंडेंस हटाने की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। यह आंदोलन 2 जनवरी को भोपाल टीटी नगर के अंबेडकर पार्क में आयोजित किया जाएगा। विदिशा जिले से हजारों शिक्षक को शामिल करने की जिम्मेदारी दी गई। जिला अध्यक्ष सुनील रघुवंशी ने बताया कि विदिशा जिले के सभी विकासखंड, तहसील और संकुल केंद्र स्तर पर बैठक आयोजित की गई है। जिसमें भोपाल के आंदोलन को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई है।

## गरीबों को कंबल वितरित किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मानसिंह आर्ट फाउंडेशन के सहयोग से गरीब तबके और जरूरतमंद लोगों को ऊनी शाल और कंबल का वितरण किया गया। बुधवार को यह आयोजन ग्राम पंचायत खड़ेर में प्रथम जनपद अध्यक्ष स्व. मान सिंह राजपूत की स्मृति में मान सिंह आर्ट फाउंडेशन के संस्थापक कुंवर हेमराज सिंह, लकी सौलंकी एंव सदस्य एडवोकेट संयोगिता सिंह राजपूत एलएडीसी सीहोर की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट संयोगिता सिंह ने कहा कि कड़ाके की ठंड पड़ रही है और कई ऐसे जरूरतमंद हैं, जिनके पास ऊनी वस्त्र और कंबल तक नहीं है, ऐसे लोगों की मदद करना हमारा फर्ज है। जरूरतमंद माताएं, बहनों एवं बुर्जुगों को ऊनी शाल, कंबल आदि का वितरण भी सेवा का कार्य है। इस अवसर पर कुंवर हेमराज सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। आयोजन में बंटी राजपूत, प्रहलाद सिंह राजपूत, अनिकेत राजपूत, बहादुर सिंह राजपूत पप्पू, मोहन कुर्मी, रमेश चौकीदार, पुजारी शिवओम, प्रमोद सिंह, शुभम सिंह सेंगर, राहुल सिंह उपस्थित रहे।

### संस्कार सेना के नववर्ष मिलन समारोह में 101 श्रवण कुमार होंगे सम्मानित

# माता और पिता को बचपन से ही बच्चों को संस्कार देने की जरूरत: हरभजन जांगडे

## संस्कार सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय मुख्य सचिव की हरिभूमि से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज।

माता-पिता के लिए समर्पित भारत की एक लौटी सामाजिक संस्था संस्कार सेना द्वारा नववर्ष 2026 में मिलन समारोह व 101 श्रवण कुमार अवार्ड सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। इस अवसर पर हरिभूमि संवाददाता राजीव जैन सैनानी से विशेष चर्चा करते हुए संस्कार सेना के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष हरभजन जांगडे. एंव राष्ट्रीय मुख्य सचिव सुश्री अलका धुर्बे ने बताया कि जो व्यक्ति अपने माता-पिता के प्रति सेवा भाव व सर्मपण के योगदान के लिए देश के 101 श्रवण कुमारो को 18 जनवरी 2026 को श्रवण कुमार अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। वही उन्होने बताया कि संस्था का मुख्य उध्देश्य यह है कि आज के समाज में युवा पीढ़ी तेजी से संस्कार विहीन होती जा रही है उनकी नजरों में परिवार नहीं,माता-पिता नहीं,भाई को भाई नजर नहीं आ रहा है जिस पर गहन चिंतन करने की आवश्यकता है। मानवता के साथ-साथ नाते रिश्ते भी धीरे-धीरे खत्म होते जा रहे हैं आए दिन सरेआम लूट हत्या व मासूम बच्चियो से लेकर 80 साल की बूढी मां के साथ बलात्कार जैसी अमानवीय घटनाएं घटित हो रही है। जिसका सबसे बड़ा कारण युवाओं में संस्कारों का अभाव नजर आता है जैसा कि हम सभी जानते हैं हमारे पिताजी उनके माता पिता का कितना सम्मान करते थे क्या हम उनका उतना सम्मान कर पा रहे हैं और जितना हम अपने माता-पिता का सम्मान करते हैं क्या हमारे बच्चे हमारा उतना सम्मान कर रहे हैं और जितना हमारे बच्चे आज हमारा सम्मान कर पा रहे हैं क्या आने वाले समय में संताने उनका इतना भी सम्मान कर पाएगी कतई नहीं।





### बच्चों को जन्म से ही सिखाना होगा माता-पिता ही भगवान

सामाजिक संस्था संस्कार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरभजन जांगडे ने कहा कि इस विषय पर सकारात्मक सोच रखकर कई वर्षों के चिंतन उपरांत निसर्ग निष्कर्ष निकला कि हमें अपने बच्चों में जन्म से ही माता-पिता के प्रति सम्मान के संस्कार देने होंगे उन्हें सीखना होगा कि हमारे माता-पिता ही हमारे असली भगवान है और यह सिद्ध करने के लिए हमें उन मासूम बच्चों के सामने अपने माता-पिता के प्रति आदर सम्मान का भाव रखते हुए प्रतिदिन उनके चरण स्पर्श करना उनके साथ अच्छे शब्दों में वार्तालाप करना आदि तरीकों से उनका सम्मान करना होगा क्योंकि बच्चे अक्सर वही सीखते हैं वही करते हैं जो वह घर में देखते हैं हम उनके अंदर बचपन से ही यह संस्कार डालना होगा कि हमारे माता-पिता ही हमारे प्रथम पूज्य एवं प्रथम भगवान हैं उन्हें बताना होगा कि वह नहीं होते तो हम कहां से आते हैं यह बात सत्य भी है विश्व की 7:50 अरब से अधिक जनसंख्या में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं जो बिना माता-पिता के इस धरती पर सीधा आया हो।

### अपनी मनमर्जी की जिंदगी व्यतीत कर रही युवा पीढ़ी

राष्ट्रीय मुख्य सचिव सुश्री अलका धुर्बे ने कहा कि इसी विचार को युवाओं के द्वारा युवाओं तक पहुंचाना होगा अन्यथा मानव समाज के यह नाते रिश्ते ज्यादा संपदा तक सीमित रह जाएंगे आज भी हम हजारों बुजुर्ग इसके प्रमाण हैं उन्होंने अपने जीवन का संपूर्ण समय अपने बच्चों को उच्च शिखर तक पहुंचने में लगा दिया। जब बच्चे हाई प्रोफाइल सोसाइटी में देश-विदेश में पहुंच गए तो वह अपनी मनमर्जी की जिंदगी व्यतीत करने लगे हैं किंतु ऐसे कई लोगों के माता-पिता दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं तो कई सड़क पर भीख मांगते नजर आ रहे हैं तो कहीं वृद्ध आश्रमों की शोभा बढ़ा रहे हैं। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखकर ही संस्कार सेना का गठन किया गया है। उन्होने आम नागरिको से अपील करते हुए कहा कि आप भी इसमें जुड़े और भविष्य में आने वाले विकारों की सुनामी से हमारे देश और दुनिया को बचाने में सहयोगी बने।

### 101 श्रवण कुमार होंगे सम्मानित

संस्कार सेना द्वारा आयोजित नववर्ष मिलन समारोह में 101 श्रवण कुमारो को अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। वही भारत के प्रोफेशनल कलाकारो द्वारा संगीत की रंगारंग प्रस्तृति के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर संस्कार सेना की राष्ट्रीय मुख्य सचिव सुश्री अलका धुर्बे ने आम नागरिको से संस्कार सेना में रजिस्ट्रेशन करने की अपील करते हुए कहा कि व्यक्ति अपने माता पिता के प्रति सेवाभाव समर्पण के साथ दिए गए योगदान का संक्षिप्त विवरण संस्कार सेना को भेजे। ताकि इसे सेवाभावी व्यक्तियो को संस्कार सेना द्वारा आयोजित मिलन समारोह में श्रवण कुमार अवार्ड से सम्मानित किया जा सकें।

### घर की रौनक और नींव होते हैं बुजुर्ग सदस्य

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने कहा कि आज के समय में कुछ लोग बहला-फुसलाकर अपने माता-पिता को वृद्धाश्रम छोड़ आते है। जैसे मानो वह कोई पुराना सामान हो। जबकि सच्चाई यह है कि हमारे बुजुर्ग माता-पिता ही हमारे घर की रौनक व हमारे घर की वह मजबूत नींव है जिससे कोई भी गिरा नही सकता। हमारे माता-पिता है तभी हम है। उन्होने एक घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि एक परिवार में एक बेटे-बहू द्वारा अपने वृद्ध माता-पिता को घर से निकाल दिया गया था। वही उन्होने नागरिको से आह्वान करते हुए कहा कि हमें इस कलयुग के उस श्रमण कुमार जैसा नही बनना है जो अपने माता-पिता को सड़क पर छोड़ देते है बल्कि उस श्रमण कुमार जैसा बनना है जो अपने माता-पिता को अपने कंधो पर बैठाकर पूरी दुनिया की यात्रा करा सकें।

## चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को लेकर आईजा ने किया डॉ राहुल जैन और डॉ वर्षा जैन का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एड राजीव जैन सैनानी एंव आईजा के प्रदेश संरक्षक डॉ एम एल जैन द्वारा विदिशा के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ राहुल जैन एंव श्रीमति डॉ वर्षा जैन का चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो को लेकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ एम.एल जैन ने कहा कि डॉ राहुल जैन और श्रीमति डॉ वर्षा जैन राष्ट्रीय संत मुनि श्री 108 सुधा सागर महाराज के परम भक्तों में से है। वह हमेशा चिकित्सा के क्षेत्र में सबसे आगे रहकर अपना योगदान देते आए है। यदि कोई गरीब व्यक्ति उनके पास उपचार के लिए पहुचता है तो वह उक्त व्यक्ति की समस्या को समझतें उसका सहयोग करते है और उसे उपचार भी देते है।

ऐसे नि-स्वार्थ भाव से सेवा करने वाले डॉक्टर बहुत ही कम देखने को मिलते है। इस मौके पर डॉ राहुल जैन ने आम नागरिको को स्वस्थ्य रहने की सलाह देते हुए कहा कि हर व्यक्ति शारीरिक रूप से सक्रिय रहें। हर दिन कम से कम 30 मिनट की शारीरिक गतिविधि, जैसे पैदल चलना, योग, या खेलकूद, को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।

अच्छे स्वास्थ्य के लिए हर रात 7 से 8 घंटे की अच्छी और पूरी नींद लेना महत्वपूर्ण है, क्योंकि नींद की कमी से कई बीमारियाँ हो सकती हैं। वही उन्होने कहा कि नागरिक अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें। तनाव कम करने के लिए शौक पूरे करें, परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएं और जरूरत पड़ने पर पेशेवर मदद लेने से न हिचकिचाएं। किसी भी बीमारी के विकसित होने का इंतज़ार न करें, बल्कि नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य की जाँच करवाएं और निवारक देखभाल को प्राथमिकता दें।

## शराब दुकान हटाने एवं वार्ड की समस्याओं को लेकर जनता के साथ कांग्रेस बैठी धरने पर

**सागर।** जनता की पीड़ा को लेकर क्षेत्रवासियों के साथ कांग्रेस नेत्री मीना पवन पटेल के नेतृत्व में धरने का आयोजन किया गया इसमें शराब दुकान हटाने व सड़क नाली और पानी की समस्या दूर करने की मांग की गई। धरने में मुख्य रूप से उपस्थित जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि लाडली बहना की आड़ में गली मोहल्ले में शराब पड़ोसी जा रही है। जिससे महिलाओं तक का निकलना दूभर है जो शराब दुकान महिलाओं को पीड़ा दे रही है उस दुकान को हटाने की तत्काल कार्रवाई की जावे। पूरी शहर कांग्रेस जनता के साथ है महेश जाटव ने जन प्रतिनिधियों पर भी कटाक्ष किया और कहाँ कि जनता को मुंगेरी लाल की तरह वह सपने ना दिखा कर उनकी पीड़ा जानने पब्लिक में पहुंचे नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह बब्बू यादव ने कहा कि हम सभी पार्षद पीड़ित हो रही है । नगर निगम नरक निगम बन गई है नगर की सुनने वाला कोई नहीं हैं जनता की सुनवाई नहीं हो रही है। धरने की आयोजक मीना पवन पटेल ने कहा की महिलाओं को कमजोर ना समझे हमारे आवेदन निवेदन को गंभीरता से नहीं लिया गया तो आगे अब सभी महिलाएं उग्र रूप धारण करेंगी एवं जन प्रतिनिधियों को अब आंखों के चश्मे का नंबर बदलवा लेना चाहिए उन्हें जनता की पीड़ा दिखाई नहीं दे रही है।

### मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री की पुण्यतिथि पर स्मरण किया

**सागर।** मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं.रविशंकर शुक्ल की पुण्यतिथि पर शहर सेवादल परिवार ने श्रृद्धांजलि अर्पित करके उनका स्मरण किया। जूम मीटिंग में सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई, प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव की उपस्थिति म.प्र.के प्रथम मुख्यमंत्री को स्मरण किया और सेवादल के दल दिवस का समापन हुआ। कार्यक्रम में शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, परख शुक्ला, पूजा अहिरवार, अन्नू घोषी, आकाश रजक, तरुण सैनी, मो.इरशाद, नीरज सोनी, रंजीत साहू, राकेश जैन, नरोत्तम आठ्या, विठ्ठल, रवि जैन आदि उपस्थित रहे।

## चिन्हित व सनसनीखेज अपराधों में पुलिस की बड़ी सफलता, दोषसिद्धि प्रकरण 75%

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

वर्ष 2025 में जिला विदिशा ने चिन्हित एवं सनसनीखेज अपराधों के निराकरण में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है।

एसपी रोहित काशवानी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में तथा जिला अभियोजन संचालनालय में पदस्थ प्रभारी उपनिदेशक, सहायक निदेशक अभियोजन जेएस तोमर के कुशल नेतृत्व में पुलिस एवं अभियोजन विभाग ने मिलकर लंबित गंभीर प्रकरणों में प्रभावी पैरवी करते हुए अपराधियों को कठोर दंड दिलाने में सफलता प्राप्त की है। जिला विदिशा के विभिन्न थानों में पूर्व वर्षों में दर्ज हत्या, बलात्कार, पॉक्सो एक्ट, लूट एवं आत्महत्या हेतु दुष्प्रेरण जैसे जघन्य अपराधों के मामलों में न्यायालयों के समक्ष सशक्त साक्ष्य एवं तर्क प्रस्तुत किए गए, जिसके परिणामस्वरूप दोषसिद्धि प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विगत वर्ष जहां चिन्हित एवं सनसनीखेज अपराधों में दोषसिद्धि दर 70.59 प्रतिशत थी, वहीं वर्ष 2025 में यह बढ़कर 75 प्रतिशत तक पहुंच गई।

उल्लेखनीय प्रकरणों में थाना गुलाबगंज के अपराध क्रमांक 158/24, जो भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के अंतर्गत प्रदेश का प्रथम हत्या प्रकरण था, में माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विदिशा द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। इसी प्रकार थाना गुलाबगंज के अपराध क्रमांक 08/25 (बलात्कार एवं पॉक्सो) में 20 वर्ष सश्रम कारावास, थाना शमशाबाद के हत्या प्रकरण में आजीवन कारावास, थाना पथरिया के बलात्कार एवं आत्महत्या दुष्प्रेरण मामले में 10 वर्ष सश्रम कारावास सहित अन्य थानों के कई गंभीर मामलों में अभियुक्तों को आजीवन कारावास एवं दीर्घकालीन सश्रम कारावास की सजा दिलाई गई। इन सभी प्रकरणों में न्यायालयीन पैरवी जेएस तोमर, मनीष कथोरिया, ज्योति गोयल, साकेत गोयल, दिनेश कुमार असैया, विशेष लोक अभियोजक मनीष वर्मा तथा अपर लोक अभियोजक सुरेंद्र सिंह राजपूत एवं नरेंद्र व्यास द्वारा की गई।

**100 दिवसीय अभियान का दूसरा चरण 1 जनवरी से शुरू** विदिशा। बाल विवाह के विरुद्ध जन जागरूकता हेतु 100 दिवसीय अभियान का दूसरा चरण 1 जनवरी से प्रारंभ होगा। अभियान के मुख्य लक्ष्य वर्ष 2019 तक सतत जन जागरूकता और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के माध्यम से बाल विवाह को समाप्त करना। सभी धर्मो के धर्म गुरु, स्थानीय समुदाय, मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारे में जाकर लोगों से बाल विवाह रोकथाम की अपील करना। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के नियमों एवं प्रावधानों का प्रचार- प्रसार कर जागरूकता लाना है।

## दिव्य ज्योति और छप्पन भोग के साथ संकीर्तन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

श्याम संकीर्तन परिवार के चतुर्थ वार्षिकोत्सव के अवसर पर नगर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया।

इस दौरान बाबा खाटू श्याम का अलौकिक दरबार खुशबूदार फूलों से सजाया गया और इत्र वर्षा से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। सफेद दूधिया रोशनी में सजे बाबा श्याम के दिव्य स्वरूप ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम में दिव्य ज्योति प्रज्वलित की गई तथा बाबा को छप्पन भोग अर्पित किए गए। विधिवत पूजा-अर्चना और अखंड ज्योत में हाजिरी के साथ संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। देर रात तक श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे। भजन संध्या में भजन गायिका गुनगुन गुंजन तिवारी (सिस्टर शाहगंज), अजय विश्वकर्मा एवं सागर राव (गुना) ने खाटू श्याम, बाबा रामदेव और शंकर भगवान के भावपूर्ण भजनों से समां बांध दिया। समापन अवसर पर बाबा श्याम की महाआरती कर छप्पन प्रसादी का वितरण किया गया। चरण सेवा लख्मीचंद बंसल, गिरधर गोपाल बंसल एवं आशीष बंसल परिवार द्वारा संपन्न हुई।

## अवैध ई-फार्मेसियां बढ़ा रहीं एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस एआईओसीडी ने प्रधानमंत्री से की कार्रवाई की मांग

**बिना पर्चे ऑनलाइन दवाओं की बिक्री से एएमआर बना गंभीर खतरा, जनस्वास्थ्य पर मंडरा रहा संकट।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) ने अवैध रूप से संचालित ई-फार्मेसियों के खिलाफ तत्काल और कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजा है।

संगठन ने चेतावनी दी है कि बिना वैध चिकित्सकीय पर्चे के एंटीबायोटिक्स की ऑनलाइन बिक्री से एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) तेजी से बढ़ रही है, जो देश के लिए एक गंभीर जनस्वास्थ्य संकट बन चुकी है। एआईओसीडी ने प्रधानमंत्री के हालिया मन की बात कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि आईसीएमआर की रिपोर्ट के आधार पर व्यक्त की गई चिंताएं बेहद गंभीर हैं। रिपोर्ट के अनुसार निमोनिया और मूत्र मार्ग संक्रमण (यूटीआई) जैसी आम बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली एंटीबायोटिक्स भी अंधाधुंध उपयोग और स्व-चिकित्सा के कारण असरहीन होती जा रही हैं। देशभर के 12.40 लाख से अधिक लाइसेंसधारी केमिस्ट और ड्रगिस्ट्स का प्रतिनिधित्व करने वाली एआईओसीडी ने आरोप लगाया कि कई ई-फार्मेसियां ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट का उल्लंघन करते हुए बिना अधिकृत पर्चे के प्रिसक्रिप्शन दवाएं बेच रही हैं।

कुछ प्लेटफॉर्म टेली-मेडिसिन दिशानिर्देशों का दुरुपयोग कर औपचारिक और फर्जी ऑनलाइन परामर्श के जरिए पर्चे जारी कर रहे हैं। संगठन ने कहा कि विभिन्न नियामक एजेंसियों और मीडिया द्वारा इन अवैध गतिविधियों को उजागर किए जाने के बावजूद प्रवर्तन बेहद कमजोर है, जबकि दिल्ली उच्च न्यायालय ई-फार्मेसियों को अवैध ठहरा चुका है। एआईओसीडी ने चेतावनी दी कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो उपचार विफलताएं बढ़ेंगी और आम नागरिकों की जान खतरे में पड़ सकती है।

> समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो उपचार विफलताएं बढ़ेंगी और आम नागरिकों की जान खतरे में पड़ सकती है।

एआईओसीडी ने सरकार से सभी अवैध ई-फार्मेसियों को तुरंत बंद करने और संगठन के सहयोग से बिना पर्चे दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की है। यह जानकारी नवल शास्त्री सचिव, विदिशा जिला केमिस्ट एसोसिएशन ने दी।

### कुरवाई तहसील क्षेत्र में सड़क निर्माण के नाम पर उड़ती राख, सांस लेना हुआ मुश्किल

## हाईवे पर कोयले की राख का कहर, वाहन चालकों व जनता की सेहत खतरे में, एसडीएम ने ओवरलोड डंपर जब्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई



तहसील क्षेत्र में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-346 पर जेपी प्लांट से लाई जा रही केमिकल फ्लाई ऐश (राख) इन दिनों राहगीरों के लिए आफत बन गई है।

सड़क निर्माण में उपयोग के लिए दर्जनों ओवरलोड डंपरों के जरिए फ्लाई ऐश का परिवहन किया जा रहा है, लेकिन सुरक्षा मानकों की अनदेखी के चलते यह राख उड़कर सीधे लोगों की आंख, नाक और मुंह में जा रही है। इससे सांस लेने में परेशानी, आंखों में जलन और दम घुटने जैसी शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। बुधवार को बीना तिराहे के सामने एक हाइवा से करीब 100 फीट तक फ्लाई ऐश सड़क पर फैल गई। हवा चलने के साथ ही राख का गुबार उठता रहा, जिससे सड़क से गुजर रहे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोजाना ओवरलोड ट्रकों का संचालन हो रहा है और डंपरों के पीछे व बगल से लगातार फ्लाई ऐश गिरती व उड़ती रहती है। कुछ लोगों ने डंपर के पीछे चलकर स्थिति देखी तो दम घुटने जैसा अहसास हुआ और मुंह में महीन कण भर जाने से दांतों में किरकिराहट महसूस हुई। विशेषज्ञों के अनुसार फ्लाई ऐश कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों से निकलने वाला खतरनाक प्रदूषक है, जिसमें सिलिकॉन डाइऑक्साइड, एल्युमीनियम ऑक्साइड और अन्य हानिकारक तत्व होते हैं। अनुसंधानों में यह सिद्ध हो चुका है कि फ्लाई ऐश के कण हृदय रोग, कैंसर, श्वसन संबंधी बीमारियों और स्ट्रोक का खतरा बढ़ाते हैं। यह मिट्टी, जल और पर्यावरण को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। मामले को गंभीरता से लेते हुए बुधवार को एसडीएम मनीष जैन ने ओवरलोड डंपर क्रमांक आरजे-08-जीए-6495 को जब्त किया। एसडीएम ने कहा कि फ्लाई ऐश से हो रही परेशानी की शिकायतें मिली हैं, अनुमति और दस्तावेजों की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## विद्यार्थियों की प्रतिभा व नवाचार ने विज्ञान प्रदर्शनी को बनाया यादगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अहमदपुर




अग्रवाल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक सोच, वैज्ञानिक समझ और मेहनत से सभी का मन मोह लिया।

कक्षा 9 के छात्रों द्वारा प्रस्तुत बायोगैस मॉडल को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया, जिसमें बायोगैस के विविध उपयोगों और पर्यावरण संरक्षण में इसके महत्व को प्रभावशाली ढंग से समझाया गया।प्रदर्शनी में बच्चों ने आधुनिक खेती, जल संरक्षण, ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतों सहित कई उपयोगी विषयों पर मॉडल तैयार किए, जिससे अभिभावकों को भी नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आकाश रघुवंशी, जिन्हें हाल ही में एमपीपीएससी के माध्यम से असिस्टेंट कमिश्नर,वित्त विभाग के पद पर नियुक्त किया गया है, ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि लगन, अनुशासन और निरंतर अध्ययन ही सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर सहायक अतिथि मुस्कान रघुवंशी भी उपस्थित रहीं। जिन्होंने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक सिंह जादौन, मैडम अन्वी सिंह जादौन एवं प्राचार्या प्रगति रघुवंशी ने सभी छात्रों को बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### शिव महापुराण कथा शुरू

**बरेली।** संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में बरेली ऐसा नगर है जहां प्रतिमाह माह में दो-तीन कथाओं का आयोजन होता रहता है। नए वर्ष 2026 की शुरुआत के प्रथम दिन आज 1 से 7 जनवरी तक मारुति नगर में श्री राधा महिला मंडल के तत्वावधान में सात दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन प्रारंभ होगा।

नगर की परंपरा अनुसार कोई भी कथा प्रारंभ होने से पूर्व प्राचीन श्री जी मंदिर से कलश शोभा यात्रा निकाली जाती है। कथा व्यास साध्वी संत सुनीता देवी पूर्व डीएसपी अयोध्या धाम के सानिध्य में महिलाओं द्वारा धूमधाम से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी। श्रीजी मंदिर से प्रारंभ होने वाली शोभा यात्रा का कथा स्थल मारुति नगर में समापन के साथ सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा प्रारंभ होगी।

### नववर्ष की पूर्व संध्या पर कोतवाली पुलिस का नशेड़ियों पर एक्शन

**रायसेन।** नए साल की पूर्व संध्या पर दो पहिया वाहनों से नशेड़ियों द्वारा हुड़दंग मचाने पर रोक लगाने कोतवाली पुलिस के जवान इंडियन चौराहे पर रहे अलर्ट। कोतवाली रायसेन पुलिस द्वारा इंडियन तिराहा, गोपालपुर तिराहा, सागर तिराहा पर चेकिंग पॉइंट लगाकर नशा करने वाले व्यक्तियों को चेक किया गया एवं संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी की गई।

### रामसेतु बांध का निर्माण

**रायसेन।** रायसेन शहर में चल रही वार्षिक श्रीराम लीला मेला में बुधवार की शाम मैदान में कलाकारों ने सेतु बांध रामेश्वर स्थापना प्रसंग की आकर्षक लीला का सुंदर मैदानी मंचन किया। जिसे देखकर दर्शन भी मंत्र मुग्ध हो गए।श्री रामलीला मेला समिति के कार्यकारी अध्यक्ष बृजेश चतुर्वेदी ने बताया कि लीला के अनुसार लंकापति रावण को रानी मंदोदरी और भाई विभीषण बार-बार समझाते है कि सीता को वापस लौटा दो ।



### भोपाल-रायसेन से इन पर्यटन स्थलों की दूरी

जिले के विश्व पर्यटन स्थल सांची स्तूप, भोजपुर शिव मंदिर, रायसेन किला, बरेली छींद धाम, रायसेन दरगाह में साल के पहले दिन बड़ी संख्या में लोग परिवार सहित पहुंचेंगे। भोपाल से रायसेन 40 किलोमीटर और बरेली छींद धाम 140 किलोमीटर दूर है। वहीं भोपाल से भोजपुर मंदिर की दूरी महज 28 पर रायसेन से 60 किलोमीटर है। भोपाल से सांची स्तूप 50 किलोमीटर है, तो वहीं रायसेन से मात्र 25 किलोमीटर है।

**लोगों ने खट्टी-मीठी यादों के साथ वर्ष 2025 को दी विदाई**

# नववर्ष 2026 के आगाज पर पर्यटन स्थलों पर उमड़ेगी पर्यटकों की भीड़

## सांची, दरगाह शरीफ, भोजपुर शिवमंदिर सहित अनेक स्थलों पर पहुंचेंगे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

आज से नववर्ष का आगाज हो गया है, जिससे इंजॉय करने लोग धार्मिक स्थलों साथ ही पर्यटल स्थलों पर पहुंच रहे है। खट्टी मिठी यादों के साथ विदा हो रहा वर्ष 2025 को लोग हंसी खुशी विदा कर रहे है। नववर्ष के पहले पर्यटन स्थलों पर सैलानियों का हुजूम लगेगा तो वहीं धार्मिक स्थलों पर लोग माथा टेक नववर्ष की शुरूआत करेंगे।

नए वर्ष पर जिले में आने वाले पर्यटकों को लुभाने के लिए रायसेन जिले में स्थित पर्यटन स्थलों को सजाया गया है। साथ ही पर्यटकों के लिए विशेष इंतजाम भी इन स्थलों पर किए जा रहे हैं। रायसेन के कई पर्यटक स्थल पहले से पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए है। वर्ष 2025 की समाप्ति और वर्ष 2026 के स्वागत में लगे हुए पर्यटन स्थलों और यहां पर आने वाले पर्यटकों के स्वागत के लिए की जाने वाली तैयारियां पूरी है। जहां पर पर्यटक नए वर्ष का पहला दिन यादगार बना सकते हैं।

नए साल के जश्न में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सरकार और स्थानीय प्रशासन ने कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती भी कर दी है।

रायसेन जिले में स्थित प्राचीन सांची बौद्ध स्तूप जिसे महान सम्राट अशोक ने बनवाया था, जो आज वर्ल्ड हेरिटेज की लिस्ट में लिस्टेट है। साथ ही आदिमानवों के समय की बनी हुई हजारों वर्ष पुरानी भीमबैठिका की गुफाओं में घूम कर नये साल को एंजॉय कर सकते हैं। इसके साथ ही रायसेन के भोजपुर में बना प्राचीन भोजपुर महादेव का शिव मंदिर पर विश्व का एकमात्र सबसे बड़ा शिवलिंग स्थित है, जिसे एक ही पत्थर से बनाया गया है। इसे देखना आपके लिए एक अनोखा अनुभव साबित हो सकता है। यहां पहुंचकर पर्यटक नववर्ष की शुरूआत कर सकते हैं।

**नववर्ष के स्वागत की तैयारियों में आतुर लोग**

**जिले के पर्यटन स्थलों पर रहेगी पर्यटकों की धूम**





### शैलचित्रों के लिए फेमस आदिमानव काल की भीमबैठका


भोपाल से 40 किलोमीटर दूर भीमबैठका है। ये आदि-मानव के बनाए गए शैलचित्रों के लिए मशहूर है। ये चित्र 10 से 30 हजार साल पुराने माने जाते हैं, जो मानव सभ्यता का इतिहास बताते हैं। इसे यूनेस्को ने 2003 में अपनी सूची में शामिल किया था।

### जल प्रबंधन के लिए प्रसिद्ध रायसेन का अजेय किला



**रायसेन किला।** राजधानी भोपाल से लगा रायसेन शहर का किला परमार राजवंश के राजा राय पिथौरा ने इस किले को 800 साल पहले बनवाया था। ये किला अपने ऐतिहासिक जल प्रबंधन के लिए जाना जाता है। इसमें इत्र महल, बादल महल, रानी महल, हवा महल, सोमेश्वर धाम शिव मंदिर के साथ एक दर्जन से अधिक बावड़िया मौजूद है।

### विशालकाय शिवलिंग के लिए प्रसिद्ध भोजपुर मंदिर



**भोजपुर मंदिर।** भोपाल से करीब 28 किलोमीटर दूर भोजपुर गांव में भोजेश्वर महादेव का मंदिर हैं। ये मंदिर बेतवा नदी के तट पर विंध्य पर्वत मालाओं के मध्य एक पहाड़ी पर है। मंदिर का निर्माण और शिवलिंग की स्थापना धार के परमार राजा ने करवाई थी। इस मंदिर की खास बात यह है कि यहां एक ही पत्थर से विशालकाय शिवलिंग बनाया गया है।

## 10 से 12 फीट अजगर आ जाने के कारण वाहनों की लगी कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

टोल नाका के समीप उस समय हड़कंप मच गया, जब सड़क पर अचानक 10 से 12 फीट लंबा अजगर आ गया। अजगर को देखकर राहगीरों और वाहन चालकों में दहशत फैल गई, जिससे हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

घटना के दौरान लोग सड़क पर रुककर अजगर के फोटो और वीडियो बनाते रहे, जिससे यातायात और अधिक प्रभावित हुआ। इसी बीच एक साहसी व्यक्ति ने जोखिम उठाते हुए अजगर की पूंछ पकड़कर उसे सड़क से हटाकर किनारे किया।



## बरेली को जिला बनाने नगर परिषद में सर्वसम्मति से प्रस्ताव हुआ पारित, 6 जनवरी को मनाएंगे नगर गौरव दिवस तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर परिषद के सभाकक्ष में सामान्य सभा की बैठक अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। नगर परिषद की बैठक में बरेली को जिला बनाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

मालूम हो कि पिछले 20 वर्षों से बरेली को जिला बनाने की मांग नगर एवं क्षेत्र के रहवासियों द्वारा की जा रही थी। जन भावनाओं को देखते हुए नगर परिषद द्वारा प्रस्ताव पारित कर क्षेत्र की सबसे बड़ी मांग के लिए कदम उठाया गया। इसी के साथ 6 जनवरी को नगर गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया।

6 जनवरी 1949 को विलीनीकरण आंदोलन के दौरान हुए नवाबी पुलिस के लाठी चार्ज में दो युवाओं स्वर्गीय जुगराज सोनी एवं स्वर्गीय राम प्रसाद अहिरवार शहीद हुए थे नगर परिषद की बैठक में अन्य विषयों पर चर्चा और निर्णय प्रस्ताव पारित किए गए।




### साधारण सभा में अन्य मुददों पर हुई चर्चा

साधारण सभा की बैठक में नप अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी की अध्यक्षता में हुई 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाने टीम पहल को सेवा कार्यों के लिए भूमि उपलब्ध कराने नगर के विभिन्न वार्डों में स्ट्रीट लाइट के खंभे लगाने साफ सफाई व्यवस्था के लिए नए वाहन खरीदने बस अड्डा शुल्क, वाहन किराया ,पशु पंजीयन शुल्क 2026- 27 के संबंध में चर्चा और निर्णय लिए गए नगरीय क्षेत्र में विज्ञापन शुल्क की वसूली ठेके पर देने का भी निर्णय लिया गया। पुलिया और दो सडक़ों के निर्माण का भी निर्णय लिया पार्क को संवारने और भव्य प्रवेश द्वार निर्माण कराया जाने का भी निर्णय लिया

## युवक को टक्कर मार ट्रैक्टर से भिड़ी कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना क्षेत्र के भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर फैक्ट्री चौराहे के पास करीब 7 बजे एक सड़क हादसा हो गया। भोपाल से रायसेन की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने पहले बस से उतर रहे एक युवक को टक्कर मार दी, जिससे युवक के पैर में चोट आई। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रैक्टर के पीछे जा घुसी।



हादसे में कार और ट्रैक्टर दोनों क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि कार में सवार दो युवक और ट्रैक्टर चालक बाल-बाल बच गए। घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की ।

## पर्यावरण संरक्षण के शिविर में छात्राओं को बताएं प्रदूषण के दुष्प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

शासकीय पीएमश्री कन्या हाई सेकंडरी में पर्यावरण विधिक साक्षरता और सामुदायिक संरक्षण अभियान के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने छात्राओं को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति विस्तार से जानकारियां दी गई।

साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय की लगभग पोने दो सौ छात्राओं की उपस्थिति रही। छात्राओं को पर्यावरण को स्वच्छ सुरक्षित रखने का संकल्प दिलाया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अमित मालवीय ने कहा कि विज्ञान की तरक्की के साथ पर्यावरण और प्रदूषण गंभीर समस्या बन गया है। इसका सीधा असर मानव जीवन पर पड़ रहा है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंकिता नागर ने प्रदूषण से बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि अधिक पौधरोपण उद्योगों को रिहायशी इलाकों से दूर लगाने जैविक खेती अपनाने और प्लास्टिक रासायनिक कचरे के सही निपटान से बढ़ते प्रदूषण और प्रभाव को कम किया जा सकता है।



### श्रीमंत से अलंकृत हुए चौधरी अशोक कुमार, मुकेश कुमार जैन

# पंच कल्याणक महोत्सव में सर्वोच्च उपाधि से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

सामाजिक सेवा, धार्मिक कार्यों और समाज के उत्थान में निरंतर समर्पित रहने वाले राहतगढ़ निवासी चौधरी अशोक कुमार जैन एवं मुकेश कुमार जैन सहित उनके परिवार को जैन समाज की सर्वोच्च एवं प्रतिष्ठित उपाधि श्रीमंत से सम्मानित किया गया। यह सम्मान सागर जिले के राहतगढ़ नगर में हाल ही में सम्पन्न हुए भव्य पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान, शंका समाधान प्रणेता मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज के ससंघ पावन सानिध्य में प्रदान किया गया। ज्ञात रहे कि चौधरी अशोक कुमार मुकेश कुमार जैन के द्वारा राहतगढ़ में श्रीजी के भव्य मंदिर निर्माण हेतु करीब एक एकड़ भूमि दान दी गई थी। जिस पर मंदिर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

श्रीमंत की उपाधि जैन समाज में केवल सम्मान ही नहीं, बल्कि सेवा, त्याग, समर्पण और सामाजिक दायित्व का प्रतीक मानी जाती है। इस उपाधि से अलंकृत होने पर संपूर्ण राहतगढ़, सिलवानी एवं आसपास के क्षेत्र के जैन समाज में अत्यंत हर्ष और गर्व का वातावरण देखने को मिला। समाजजनों ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया और श्रीमंत परिवार को बधाइयाँ दीं।



### सामाजिक,धार्मिक गतिविधियों में सदैव निभाते रहे हैं अग्रणी भूमिका

चौधरी अशोक कुमार जैन, मुकेश कुमार जैन, अमित कुमार, अर्पित कुमार परिवार सहित सामाजिक,धार्मिक गतिविधियों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। धार्मिक आयोजनों को स्वयं करने के साथ-साथ परिवार एवं समाज के सहयोग से सफलता पूर्वक सम्पन्न कराना, समाज के जरूरतमंद वर्गों के लिए सहयोग प्रदान करना तथा धार्मिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार में सक्रिय रहना उनकी पहचान है। उनके इसी निरंतर योगदान और सेवा भाव को देखते हुए समाज द्वारा उन्हें यह सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया गया।

### सामाजिक संगठनों ने किया भव्य नागरिक सम्मान

श्रीमंत की उपाधि प्राप्त होने के उपरांत सिलवानी नगर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था क्षेत्रीय विकास परिषद तथा वैश्य महासम्मेलन जिला रायसेन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में राहतगढ़ स्थित श्रीमंत निवास पहुँचे। इस अवसर पर चौधरी अशोक कुमार जैन, मुकेश कुमार जैन, अमित जैन, अर्पित जैन, एवं उनके परिवार का पारंपरिक रूप से शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत कर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

# शीतकालीन अवकाश शुरू हो गया, बच्चों में खुशी का माहौल

### 5 जनवरी से आयोजित होगी प्री-बोर्ड की परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुसार 31 दिसंबर 2025 से 5 जनवरी 2026 तक सभी स्कूलों में शीतकालीन अवकाश शुरू हो गए हैं। 4 जनवरी 20 26 तक स्कूल बंद रहेंगे इसके बाद 5 जनवरी 2026 से प्री-बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो जाएगी। सीबीएसई स्कूलों में तो पहले से ही शीतकालीन अवकाश चल रहा है.

बहरहाल स्कूलों में चार जनवरी तक अवकाश खत्म होने के बाद 5 जनवरी को स्कूल खुलेंगे। इसी दिन से दसवीं बारहवीं प्री-बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होंगी। अवकाश होने के कारण विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी करने का अच्छा समय मिल गया है। फरवरी से शुरू होने जा रही हाई स्कूल हायरसेकंड्री की मुख्य परीक्षा के लिए करीबन 94 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। हालांकि ऐसा बताया गया है कि जिस स्कूल में विद्यार्थी नियमित रूप से अध्यनरत हैं। प्री-बोर्ड परीक्षाएं वहीं होंगी। बताया जा रहा है कि छात्रों को प्री- बोर्ड परीक्षा में उसी तरह के प्रश्न पत्र पूछे जाएंगे, जितने वार्षिक परीक्षा में आएंगे। इससे छात्रों को परीक्षा की तैयारी का आइडिया भी मिल जाएगा। हालांकि कुछ स्कूलों में कोर्स पूरा न होने के कारण छात्र परीक्षा को लेकर काफी उलझन में है।

